N.C.R.B/एन.सी.आर.बी

I.I.F.-I /एकीकृत जाँच फार्म-I

# FIRST INFORMATION REPORT
## Under Section 173 B.N.S.S.

## (प्रथम सूचना रिपोर्ट )
## अंतर्गत धारा 173 बी. एन. एस. एस.

1. **District (जिला):** ACB DISTRICT **P.S. (थाना):** C.P.S Jaipur **Year (वर्ष):** 2025

2. **FIR No. (प्र.सू.रि.सं):** 0329 **Date and Time of FIR (एफआईआर की तिथि/समय):** 13/12/2025 17:28 बजे

| S.No. (क्र.सं.) | Acts (अधिनियम) | Sections (धाराएँ) |
|---|---|---|
| 1 | भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (2018 के अधिनियम संख्या 16 द्वारा संशोधित) | 7 |

3. (a) **Occurrence of offence (अपराध की घटना):**
   1. **Day(दिन):** दरमियानी दिन **Date From (दिनांक से):** 05/12/2025 **Date To (दिनांक तक):** 12/12/2025

      **Time Period (समय अवधि):** पहर **Time From (समय से):** 20:06 बजे **Time To (समय तक):** 09:22 बजे

   (b) **Information received at P.S. (थाना जहाँ सूचना प्राप्त हुई):** **Date (दिनांक):** 13/12/2025 **Time (समय):** 14:00 बजे

   (c) **General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ) :** **Entry No. (प्रविष्टि सं.):** 002 **Date & Time (दिनांक एवं समय)** 13/12/2025 17:28:43 बजे

4. **Type of Information (सूचना का प्रकार):** लिखित

5. **Place of Occurrence (घटनास्थल):**
   1. (a) **Direction and distance from P.S. (थाने से दिशा और दूरी):** EAST, 75 किमी **Beat No. (बीट सं.) :** NOT APPLICABLE

      (b)**Address(पता):** POLICE CHAUKI PIPLIYA, JILA BEAWAR RAJASTHAN

      (c **In case, outside the limit of this Police Station, then (यदि थाना सीमा के बाहर हैं तो)**

      **Name of P.S (थाना का नाम):** **District(State) (जिला (राज्य) ):**

6. **Complainant / Informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता):**
   (a) **Name(नाम):** AJAYPAL SINGH
   (b) **Father's Name (पिता का नाम):** HAZARI SINGH
   (c) **Date/Year of Birth (जन्म तिथि/ वर्ष):** 1995 **(d)Nationality(राष्ट्रीयता):** INDIA
   (e) **UID No(यूआईडी सं.):**
   (f) **Passport No. (पासपोर्ट सं.):**
   **Date of Issue (जारी करने की तिथि):** **Place of Issue (जारी करने का स्थान):**
   (g) Id details (Ration Card,Voter ID Card,Passport,UID No.,Driving License,PAN) (पहचान विवरण( राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र,पारपत्र,आधार कार्ड सं,ड्राइविंग लाइसेंस,पैन)):

| S.No. | Id Type | Id Number |
|---|---|---|
| | | |

   (h) **Occupation (व्यवसाय):**
   (i) **Address(पता):**

| S.No. (क्र. सं.) | Address Type (पता का प्रकार) | Address (पता) |
|---|---|---|
| 1 | वर्तमान पता | KHEWAL, RAIPUR, RAIPUR, ब्यावर, RAJASTHAN, INDIA |
| 2 | स्थायी पता | KHEWAL, RAIPUR, RAIPUR, ब्यावर, RAJASTHAN, INDIA |

   (j) **Phone number (दूरभाष न.):** **Mobile (मोबाइल न.):**

7. **Details of known/suspected/unknown accused with full particulars (ज्ञात/संदिग्ध/अज्ञात अभियुक्त का पुरे विवरण सहित वर्णन):**

**Accused More Than(अज्ञात आरोपी एक से अधिक हो तो संख्या):**

| S.No. (क्र.सं.) | Name (नाम) | Alias (उपनाम) | Relative's Name (रिश्तेदार का नाम) | Address (पता) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BHAGARAM | | पिता:MANGILAL | 1. BIRAWAS,BILARA,BILARA,JODHPUR |

8. **Reasons for delay in reporting by the complainant/informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):**
9. **Particulars of properties of interest (Attach separate sheet, if necessary) (सम्बन्धित सम्पत्ति का विवरण( यदि आवश्यक हो, तो अलग पृष्ट नत्थी करें)):**

| S.No. (क्र.सं.) | Property Category (सम्पत्ति श्रेणी) | Property Type (सम्पत्ति के प्रकार) | Description (विवरण) | Value(In Rs/-) (मूल्य(रु में)) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सिक्के और मुद्रा | रुपये | | 1,00,000.00 |

10. **Total value of property stolen(In Rs/-)**
**(चोरी हुई संपत्ति का कुल मूल्य(रु में) ):** 1,00,000.00

11. **Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण न., यदि कोई हो):**

| S.No. (क्र.सं.) | UIDB Number (यू.आई.डी.बी. संख्या) |
|---|---|

12. **First Information contents (Attach separate sheet, if necessary)**
**(प्रथम सूचना तथ्य(यदि आवश्यक हो , तो अलग पृष्ठ नत्थी करे)):**

सेवा में , श्रीमान एडिशनल SP साहबACB पाली – II विषय – रिश्वत लेते रंगे हाथों पकडवाने के सम्बन्ध में महोदय जी, उपर्युक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि मैं अजयपाल सिंह s/o हजारी सिंह जाति- रावत उम्र -30 वर्ष निवासी –खिंवल (रायपुर ) तह. रायपुर जिला- ब्यावर का निवासी हूँ मेरे पिताजी श्री हजारी सिंह जी के खिलाफ पुलिस थाना रायपुर में प्रकरण सं- 12/2024 में धारा 420, 467,468 एवं 471 एवं 120-B IPC में दर्ज करवा रखा है उक्त मुकदमें का अनुसंधान वर्तमान में ASI श्री भगाराम जी पुलिस चौकी –पिपलिया कला पुलिस थाना –रायपुर कर रहे हैं मेरे पिताजी हजारी सिंह जी आयु- 62 वर्ष होकर वृद्ध होने से कोर्ट –कचहरी के काम मैं देखता हूँ उक्त मुकदमे के संबंध में भगाराम ASI ने मुझे पुलिस थाना रायपुर में 3 Dec 2025 को मिले थे तथा कहा कि आपके मुकदमे में FR लगवानी है तो मुझे खर्चे-पानी के दो लाख रूपए देने पड़ेंगे अन्यथा आपके पिताजी को गिरफ्तार कर लूँगा मैं मेरे जायज काम के लिए भगाराम ASI को रिश्वत नहीं देना चाहता हूँ और रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकद्वाना चाहता हूँ मेरे एवं ASI भगाराम के मध्य कोई लेन देन बकाया नहीं है और न ही कोई आपसी दुश्मनी है मेरे पिताजी बुजुर्ग होने से उक्त कोर्ट – कचहरी के कार्य हेतु मुझे अधिकृत कर रखा है अतः रिपोर्ट उचित कार्यवाही हेतु पेश है दिनांक – 6 Dec 2025 प्रार्थीsdअजयपाल सिंह s/o हजारी सिंहग्राम – खिवल तह- रायपुरजिला – ब्यावरमो. कार्यवाही एसीबी दिनांक 06-12-2025 वक्त 05-15 पीएमइस समय दर्ज रहे कि दिनांक 05-12-2025 को वक्त 08-06 पीएम पर मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मोबाईल पर परिवादी श्री अजय पाल सिह के मोबाईल नंबर से काल आया तथा परिवादी ने पुलिस चौकी पीपलिया के एएसआई द्वारा रिश्वत मांगने की शिकायत की जिस पर मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने परिवादी को उक्त शिकायत के क्रम मे आगे की कार्यवाही के बारे मे समझाईस कर रिश्वत राशि मांग का सत्यापन करवाने के बारे मे बताया तो परिवादी ने सहमत होते हुए बताया कि मै पाली आने मे असमर्थ हूं तथा मै आपको पीपलिया पुलिस चौकी के पास हाईवे पर मिल सकता हूं। जिस पर मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अब तो शाम का समय हो चूका है कल आप पीपलिया पुलिस चौकी के पास हाईवे पर मिलना जिस पर परिवादी ने बताया कि मै ब्यावर नौकरी करता हूं तथा दो बजे बाद फ्री होउंगा उसके बाद ही ब्यावर से पीपलिया पुलिस चौकी के पास हाईवे पर मिल पाउंगा। परिवादी के बताये अनुसार परिवादी को कल दिनांक 06-12-2025 को शाम को करीब पांच बजे पीपलिया पुलिस चौकी के पास हाईवे पर मिलने का कहा। परिवादी श्री अजयपाल के उक्त शिकायत के क्रम मे उच्चाधिकारीयों को हालात निवेदन कर मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हमराह श्री भवानी सिह हैड कानि मय कार्यालय हाजा का डिजिटल वायस रिकार्डर मय नया मैमोरी कार्ड के जरिये सरकारी वाहन के समय 04-00 पीएम पर ब्यूरो चौकी पाली द्वितीय से रवाना होकर पीपलिया के पास स्थित होटल न्यू सिंधी के पास वक्त 05-10 पीएम पर पहुंचा तथा परिवादी श्री अजयपाल सिह से संपर्क किया जिस पर परिवादी श्री अजयपाल सिह उक्त स्थान पर स्वयं की स्कूटी से मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पास उपस्थित आया। परिवादी श्री अजयपाल सिह एक लिखित रिपोर्ट मन अतिरिकत् पुलिस अधीक्षक को इस आशय की पेश की कि मै अजयपाल सिह s/o श्री हजारी सिह जाति रावत उम्र 30 वर्ष निवासी खिंवल (रायपुर) तहसील रायपुर जिला ब्यावर का निवासी हूं। मेरे पिताजी श्री हजारी सिंह जी के खिलाफ पुलिस थाना रायपुर मे एक प्रकरण सं 12/2024 मे धारा 420, 467, 468, एवं 471 एवं 120 B IPC मे दर्ज करवा रखा है। उक्त मुकदमे का अनुसंधान वर्तमान मे ASI श्री भगाराम जी पुलिस चौकी पीपलिया कला, पुलिस थाना रायपुर कर रहे है मेरे पिताजी हजारी सिह जी की उम्र 62 वर्ष होने व वृद्ध होने से कोर्ट कचहरी का काम मै देखता हूं। उक्त मुकदमे के संबंध मे भगाराम ASI ने मुझे पुलिस थाना रायपुर मे दिनांक 03 Dec 2025 को मिले थे तथा कहा कि आपके मुकदमे मे FR लगवानी है तो मुझे खर्चे पानी के दो लाख रूपये देने पडेंगें अन्यथा आपके पिताजी को गिरफतार कर लूंगा। मै मेरे जायज काम के लिए भगाराम ASI को रिश्वत नही देना चाहता हूं। और रिश्वत लेते हुए रंगे हाथो पकडवाना चाहता हूं। मेरे व ASI भगाराम के मध्य कोई लेन देन बकाया नही है और न ही कोई आपसी दुश्मनी है। मेरे पिताजी बुजुर्ग होने से उक्त कोर्ट कचहरी के कार्य हेतु मुझे अधिकृत कर रखा है। उक्त रिपोर्ट उचित कार्यवाही हेतू पेश है। परिवादी की रिपोर्ट का अवलोकन कर परिवादी से पूछताछ की गई तो परिवादी ने बताया कि मै स्नातक तक पढा लिखा हूं तथा वर्तमान मे मै शिक्षा विभाग मे कनिष्ट सहायक के पद पर कार्यरत हूं। परिवादी श्री अजयपाल सिह ने उक्त रिपोर्ट खुद कलमी लिखित होकर रिपोर्ट पर स्वयं के हस्ताक्षर होना तथा रिपोर्ट मे लिखे समस्त तथ्य सही होना बताया। साथ ही परिवादी ने मुकदमा संख्या 12/2024 की

फोटो कॉपी एवं स्वयं के आधार कार्ड की फोटो कॉपी प्रस्तुत की जिसका भी अवलोकन कर रिपोर्ट के संलग्न किया गया। तत्पश्चात परिवादी ने बताया कि मेरे पिताजी के खिलाफ पुलिस थाना रायपुर मे मुकदमा संख्या 12/2024 दर्ज है जिसकी तफतीश पूर्व मे श्री भंवर जी द्वारा की जा रही थी तथा उन्होने इस मुकदमे मे कागजों के जांच हेतु कागज एफएसएल भेजे थे। वर्तमान मे हमारे इस मुकदमे की तफतीश श्री भगाराम एएसआई कर रहे है। मुकदमे मे कागजों की एफएसएल रिपोर्ट मिल चूकी है। दिनांक 03-12-2025 को मै पुलिस थाना रायपुर गया तो थाने मे मुझे श्री भगाराम जी एएसआई मिले और कहा कि तुम्हारे पिताजी के खिलाफ मुकदमे मे कागजों की एफएसएल रिपोर्ट आ गई है उसमे एफआर लगवानी है तो दो लाख रूपये देने पडेंगें और यदि नही दोगे तो मुकदमे मे तुम्हारे पिताजी को गिरुफतार कर लूंगा। मै श्री भगाराम एएसआई को रिश्वत नही देना चाहता हूं तथा उनको रिश्वत लेते हुए रंगे हाथो पकडवाना चाहता हूं। परिवादी की रिपोर्ट मे अंकित तथ्य लोकसेवक द्वारा रिश्वत राशि मांग करने से संबंधित होने से मामला भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की परिधि मे आने से प्रथमत रिश्वत राशि मांग का गोपनीय सत्यापन करवाया जाना आवश्यक होने से परिवादी को रिश्वत राशि मांग सत्यापन वार्ता रिकार्ड कर लाने के संबंध मे समझाईस की गई। तत्पश्चात परिवादी श्री अजयपाल सिह को हमराह लाया हुआ कार्यालय हाजा का डिजिटल वॉयस रिकार्डर संचालन की प्रक्रिया के बारे मे समझाईस कर परिवादी व हमराह श्री भवानी सिह हैड कानि का आपस मे परिचय करवाया गया। तत्पश्चात समय- 05-25 पीएम पर मन अतिरिकत् पुलिस अधीक्षक ने हमराह लाया हुआ कार्यालय हाजा का डिजिटल वॉयस रिकार्डर मे नया मैमोरी कार्ड डालकर श्री भवानी सिह हैड कानि को सुपुर्द कर परिवादी श्री अजयपाल सिह के साथ रिश्वत राशि मांग का गोपनीय सत्यापन करवाने के लिए आवश्यक हिदायत कर पुलिस चौकी पीपलिया के लिए परिवादी की स्कूटी से रवाना किया गया तथा मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरकारी वाहन के न्यू सिंधी होटल के आस पास मुकीम रहा। तत्पश्चात समय- 05-55 पीएम पर उपरोक्त फिकरा का रवाना शुदा श्री भवानी सिह हैड कानि व परिवादी श्री अजयपाल सिह स्कूटी सहित मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पास उपस्थित आये। श्री भवानी सिह हैड कानि ने डिजिटल वॉयस रिकार्डर बंद हालात मे मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को सुपुर्द कर बताया कि मै व परिवादी अजयपाल सिह आपके पास से रवाना होकर पुलिस चौकी पीपलिया से थोडा पहले पहूंचे जहां पर परिवादी से स्कूटी रूकवाकर मैने सरकारी डिजिटल वॉयस रिकार्डर जिसमे नया मैमोरी कार्ड लगा हुआ को चालू कर परिवादी को सुपुर्द कर पुलिस चौकी पीपलिया की तरफ गोपनीय सत्यापन हेतु रवाना किया तथा मै पुलिस चौकी से थोडी दूरी पर अपनी उपस्थिती छुपाते हुए हाईवे पर खडा रहा। करीब बीस मिनट बाद परिवादी मेरे पास आया तथा डिजिटल वॉयस रिकार्डर मुझे वापस सुपुर्द किया जिसे मैने बंद कर अपने कब्जे मे रखा उसके बाद हम दोनो वहां से रवाना होकर आपके पास आये है। तत्पश्चात परिवादी श्री अजयपाल सिह से पूछने पर बताया कि मै डिजिटल वासय रिकार्डर को चालू हालत मे अपनी जेब मे रखकर अपनी स्कूटी से पीपलिया पुलिस चौकी पहुंचा जहां चौकी परिसर मे बाहर की तरफ मुझे श्री भगाराम एएसआई मिले जिन्होने मुझसे कहा कि क्या करना है बताओ मैने कहा आप आदेश करो तो श्री भगाराम जी ने कहा कि एक ही मदद कर सकता हूं कोर्ट मे सिविल वाद का हवाला देकर एफआर सिविल मे दे दूंगा मै चाहूं तो मामला उलझा सकता हूं तु बता, काम करवाना है तो पैसे लगेंगें, जिस पर श्री भगाराम जी ने दो लाख् रूपये मांगे तो मैने कहा कि मेरी तन्ख्वाह तो पन्द्रह हजार ही है और जमीन भी कीमती नही है केवल नाक का सवाल है इसलिए केस लड रहे है। जिस पर श्री भगाराम जी ने कहा कि मुझे आगे तक मैनेज करना पडता है सबको विश्वास मे लेना पडेगा, फिर मेरे द्वारा विनती करने पर पहले डेढ लाख मांगे तथा बाद मे सवा लाख रूपये तय किये और कहा कि परसों तक एक लाख रूपये दे दो बाकी के इक्कीस हजार रूपये बाद मे दे देना। मैने पैसों की व्यवस्था करने के लिए टाईम मांगा तो मुझे कल पैसे लाने का कहा जिस पर मैने सोमवार मंगलवार तक टाईम मांगा है। श्री भगाराम जी ने मुझे कहा कि किसी तीसरे आदमी को इस बारे मे मत बताना और जब आओ तो बिना फोन किये हुए आना। तत्पश्चात मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने डिजिटल वॉयस रिकार्डर चालू कर रिकार्ड वार्ता को सुना तो परिवादी की बताई बातों की ताईद हुई। रिश्वत राशि मांग के गोपनीय सत्यापन वार्ता के रिकार्ड से श्री भगाराम एएसआई द्वारा परिवादी के पिताजी के खिलाफ मुकदमे मे एफआर लगाने की एवज मे रिश्वत राशि के एक लाख ईक्कीस हजार रूपये मांग करने की पुष्टी होना पाया जाता है। कार्यालय हाजा का डिजिटल वॉयस रिकार्डर मय मैमोरी कार्ड के बंद कर मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के कब्जे मे सुरक्षित रखा। परिवादी श्री अजयपाल सिह ने बताया कि मुझे रिश्वत राशि की व्यवस्था करने मे दो तीन दिन लगेंगे। रिश्वत राशि की व्यवस्था करके मै एसीबी आफिस पाली आ जाउंगा। तत्पश्चात परिवादी को हिदायत दी गई कि रिश्वत राशि की व्यवस्था होने पर मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक का श्री भवानी सिह हैड कानि से जरिये मोबाईल संपर्क करे साथ ही इस कारवाई के संबंध मे गोपनीयता की हिदायत कर परिवादी श्री अजयपाल सिह को वक्त 06-35 पीएम पर अपनी सकूनत के लिए रवाना कर मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हमराह श्री भवानी सिह हैड कानि मय कार्यालय हाजा का डिजिटल वॉयस रिकार्डर मय मैमोरी कार्ड एवं परिवादी की रिपोर्ट व संलग्न दस्तावेजात सहित जरिये सरकारी वाहन के ब्यूरो चौकी पाली के लिए रवाना हुआ। ततपश्चात समय- 08-15 पीएम पर उपरोक्त फिकरा का रवाना शुदा मन अतिरिकत पुलिस अधीक्षक हमराह श्री भवानी सिह हैड कानि जरिये सरकारी वाहन के कार्यालय हाजा पाली उपस्थित आया। ततपश्चात रिश्वत राशि मांग सत्यापन वार्ता रिकार्डशुदा मूल मैमोरी कार्ड कार्यालय के डिजिटल वायस रिकार्डर मे से निकालकर कार्यालय के लैपटाप मे कनेक्ट कर रिकार्ड वार्ता को कॉपी किया गया तत्पश्चात मूल मैमोरी

कार्ड को पुन लैपटाप से निकालकर तथा हमराह लाई हुई परिवादी की रिपोर्ट एवं अन्य दस्तावेजात अपने कब्जे मे सुरक्षित रखे। तत्पश्चात श्री भवानी सिह हैड कानि को निर्देशित किया कि कार्यालय के लेपटौप मे सेव रिकार्ड वार्ता को सुन सुन कर वार्ता के शब्दो का टंकण कम्प्युटर के माध्यम से करे तथा बाद टंकण टंकणिय शब्दों का प्रिंट निकालकर मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को पेश करे तथा रिकार्ड वार्ता की गोपनीयता की हिदायत की गई। तत्पश्चात दिनांक- 08-12-2025 समय- 10-30 एएम पर उपरोक्त फिकरा के निर्देशानुसार श्री भवानी सिह हैड कानि ने रिश्वत राशि मांग सत्यापन वार्ता का टंकण कर टंकण की हार्ड कापी का प्रिंट निकालकर मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को सुपुर्द की जिस पर मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने टंकणीय शब्दो का मिलान रिकार्ड वार्ता से किया जाकर टंकण की साफट कापी लैपटाप मे सेव रखवाई गई। उक्त वार्ता की फर्द ट्रांसक्रिप्ट रिश्वत राशि मांग सत्यापन वार्ता गवाह व परिवादी की उपस्थिती मे टंकणिय शब्दों को मिलान कर फर्द ट्रांसक्रिप्ट रिश्वत राशि मांग सत्यापन वार्ता तैयार कि जावेगी। तत्पश्चात श्री भवानी सिह हैड कानि को निर्देशित किया कि परिवादी श्री अजयपाल सिह से संपर्क करते रहे उसके द्वारा दी गई सूचना से मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को अवगत करावे। रिश्वत राशि मांग सत्यापन के समय संदिग्ध लोक सेवक ने परिवादी श्री अजयपाल सिह को सोम मंगलवार तक रिश्वत राशि लेकर बुलाया था जिस पर दिनांक 09-12-2025 को श्री भवानी सिह हैड कानि द्वारा परिवादी से संपर्क करवाया गया तो परिवादी ने बताया कि आज शाम को मै तीन बजे बाद फ्री होउंगा तथा उसके बाद ही एसओ से संपर्क कर उनके बताये अनुसार ही रिश्वत राशि लेन देन के लिए जाउंगा। परिवादी के बताये अनुसार आज शाम को ट्रेप कार्यवाही का आयोजन होने से ट्रेप कार्यवाही हेतु स्वतंत्र गवाह की आवशयकता होने के कारण स्वतंत्र गवाहान की तलबी हेतु उप निदेशक समाज कल्याण विभाग पाली के नाम पत्र जारी कर गवाहान की तलबी हेतु श्री पूनाराम कानि को उप निदेशक कार्यालय पाली के लिए रवाना किया गया तथा कार्यालय हाजा के समस्त स्टाफ को प्रायोजित ट्रेप कार्यवाही हेतु कार्यालय मे ही उपस्थित रहने हेतु पाबंद किया गया। तत्पश्चात समय- 01-15 पीएम पर श्री पूनाराम कानि उप निदेशक कार्यालय पाली से स्वतंत्र गवाह श्री अजय कनिष्ट लेखाकार व श्री अमराराम सहायक प्रशासनिक अधिकारी को हमराह लेकर कार्यालय हाजा पर उपस्थित आया। मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा दोनो गवाहान का परिचय प्राप्त करने पर अपना अपना नाम अमराराम पुत्र श्री पीराराम जाति देवासी उम्र 37 साल निवासी पराखिया पुलिस थाना सांडेराव जिला पाली राज हाल सहायक प्रशासनिक अधिकारी कार्यालय उपनिदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग पाली राज0 व अजय पुत्र श्री सुखदेव जाति जाट उम्र 25 साल निवासी राजोला कल्ला पुलिस थाना शिवपुरा जिला पाली राज हाल लेखाकार कार्यालय उपनिदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग पाली राज0 बताया दोनो गवाहान को गोपनीय कार्यवाही के संबंध मे गोपनीयता की हिदायत कर कार्यालय मे ही उपस्थित रहने के लिए पाबंद किया गया। ततपश्चात समय- 04-00 पीएम पर परिवादी श्री अजयपाल सिह से जरिये वाटस अप काल संपर्क किया तो परिवादी ने बताया कि मैने श्री भगाराम जी एएसआई से जरिये टेलीफोन संपर्क किया था तो उन्होने आज किसी काम से बाहर होना बताया तथा फ्री होने पर मुझे बताने का कहा है। परिवादी के बताये अनुसार आज दिनांक को गोपनीय कारवाई का आयोजन नही होने व परिवादी की आगामी सूचना तक कारवाई के लिए इंतजार करने के मददेनजर गवाहों को स्टेंटू रहने के लिए पाबंद कर अपनी अपनी सकूनत के लिए रवाना किया गया तथा ब्यूरो स्टाफ को भी स्टेंटू रहने के लिए पाबंद किया गया। तत्पश्चात दिनांक- 11-12-2025 समय- 06-00 पीएम पर परिवादी श्री अजयपाल सिह ने जरिये वाटसअप काल कर मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को बताया कि श्री भगाराम एएसआई ने मुझे कल दिनांक 12-12-2025 को तय की गई रिश्वत राशि एक लाख रूपये लेकर सुबह जल्दी 07-00 बजे तक पुलिस चौकी पीपलिया कला बुलाया है। परिवादी के बताये अनुसार आयोजित गोपनीय कारवाई के क्रम मे परिवादी को कल दिनांक 12-12-2025 को सुबह जल्दी 05-00 बजे के लगभग पीपलिया कला पुलिस चौकी से बर की तरफ हाईवे पर रिश्वत मे दी जाने वाली राशि एक लाख रूपये की व्यवस्था कर साथ लेकर आने की हिदायत की गई। परिवादी के बताये अनुसार कल सुबह जल्दी ट्रेप कारवाई का आयोजन होने से समस्त ब्यूरो स्टाफ एवं पाबंद शुदा स्वतंत्र गवाहान को भी कल सुबह जल्दी 04-00 बजे कार्यालय हाजा मे उपस्थित रहने की हिदायत की गई। ततपश्चात दिनांक- 12-12-2025 समय- 04-00 एएम पर कार्यालय हाजा का समस्त स्टाफ पूर्व के निदे्रशानुसार कार्यालय हाजा मे उपसिथत आये तथा पाबंदशुदा दोनो स्वतंत्र गवाहान भी कार्यालय हाजा मे उपस्थित आये। तत्पश्चात समय- 05-05 एएम पर मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हमराह ब्यूरो स्टाफ श्री लक्ष्मण दान एएसआई, श्री भवानी सिह हैड कानि, श्री कुलदीप सिह कानि, श्री सतपाल कानि नंबर 294 मय कार्यालय हाजा का डिजिटल वायस रिकार्डर मय नया मेमोरी कार्ड व कारवाई से संबंधित दसतावेजात व रिश्वत राशि मांग सत्यापन वार्ता का मूल मैमोरी कार्ड, ट्रेप बोक्स लैपटाप प्रिंटर विडियो रिकार्डर एवं अन्य ट्रेप कार्यवाही से संबंधित आवश्यक सामग्री व उपकरण सहित मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निजी वाहन से एवं अन्य ब्यूरो स्टाफ श्री प्रमोद सिह कानि नंबर 304 व स्वतंत्र गवाह श्री अमराराम व स्वतंत्र गवाह श्री अजय व कानि श्री पूनाराम न 165 मय फिनोफथलीन पाउडर के डिब्बे सहित अन्य निजी वाहन से पुलिस चौकी पीपलिया कला की तरफ रवाना हुए तथा शेष ब्यूरो स्टाफ श्री गोविंद वर्मा एएसआई, श्री मती कौशल्या म कानि, व श्री नारायण सिह कानि चालक को अग्रिम आदेश तक ब्यूरो कार्यालय मे मुकीम रहने कि हिदायत की गई तथा आगामी निर्देश पर कार्यालय हाजा का सरकारी वाहन बोलेरो लेकर निर्देशित स्थान पर पहुंचने की हिदायत की गई। तत्पश्चात समय- 06-

35 एएम पर उपरोक्त फिकरा का रवाना शुदा मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मय उपरोक्त फिकरा के हमराहयान ट्रेप दल के सदस्यों एवं वाहनों सहित पुलिस चौकी पीपलिया कला से बर के बीच हाईवे पर गोपनीय स्थान पर पहुंचा तथा दोनो वाहनो को एकांत मे खडा करवाया जाकर वाहनों मे ही परिवादी के पहुंचने के इंतजार मे मुकीम रहा। ततपश्चात समय- 07-05 एएम पर परिवादी श्री अजयपाल सिह निदे्रशानुसार नियत स्थान पर स्वयं की स्कूटी से मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पास उपस्थित आया तथा बताया कि भगाराम एएसआई ने मुझे आज रिश्वत राशि लेकर मिलने के लिए पुलिस चौकी पीपलिया कलां मे बुलाया है। मै श्री भगाराम एएसआई को उसके द्वारा पूर्व मे मांगी गई रिश्वत राशि एक लाख रूपये देने के लिए साथ लेकर आया हूं। तत्पश्चात उपस्थित दोनो स्वतंत्र गवाहान व परिवादी का आपस मे परिचय करवाया गया। परिवादी की रिपोर्ट गवाहान को पढाई गई तथा रिश्वत राशि मांग सत्यापन से संबंधित वार्ता के मुख्य मुख्य अंश लैपटाप के माध्यम से गवाहान को सुनाये गये। तत्पश्चात गवाहान ने गोपनीय कार्यवाही मे स्वतंत्र गवाह रहने की मौखिक सहमती दी तथा परिवादी की रिपोर्ट पर अपने अपने दिनांकित हस्ताक्षर किये। तत्पश्चात समय 07-15 एएम पर स्वतंत्र गवाहान के रूबरू परिवादी अजयपाल सिह पुत्र श्री हजारी सिह जाति रावत उम्र 30 वर्ष निवासी खिंवल (रायपुर) तहसील रायपुर जिला ब्यावर राजस्थान द्वारा आरोपी श्री भगाराम सहायक उप निरीक्षक पुलिस, पुलिस चौकी पीपलिया कला पुलिस थाना रायपुर जिला ब्यावर राजस्थान को रिश्वत मे दी जाने वाली राशि एक लाख रूपये जो 500-500 सौ रूपये के कुल 200 नोट प्रचलित भारतीय मुद्रा के अपने पास से निकालकर पेश किये। परिवादी द्वारा प्रस्तुत की गई रिश्वत राशि के एक लाख रूपये 500-500 रूपयो के कुल 200 नोटों के नंबर का विवरण निम्रानुसार है क्रम संख्यां - नोट का विवरण- नोटों के सीरियल नंबर 1 -एक नोट पांच सौ रूपये का 4HB795668, 2- एक नोट पांच सौ रूपये का 2BE206993, 3 -एक नोट पांच सौ रूपये का 1FV233663, 4 -एक नोट पांच सौ रूपये का 1FV233664, 5- एक नोट पांच सौ रूपये का 5GL686942, 6 -एक नोट पांच सौ रूपये का 3WL815767, 7- एक नोट पांच सौ रूपये का 8ES037858, 8 -एक नोट पांच सौ रूपये का 0LU206901, 9- एक नोट पांच सौ रूपये का 1BN707312, 10- एक नोट पांच सौ रूपये का 9VM579271, 11- एक नोट पांच सौ रूपये का 7HQ334741, 12- एक नोट पांच सौ रूपये का 4RK221353, 13- एक नोट पांच सौ रूपये का 8LS271783, 14 -एक नोट पांच सौ रूपये का 0KG587726, 15 - एक नोट पांच सौ रूपये का 0VH620625, 16- एक नोट पांच सौ रूपये का 1QG358111, 17- एक नोट पांच सौ रूपये का 1CP315659, 18- एक नोट पांच सौ रूपये का 6DF565181, 19 -एक नोट पांच सौ रूपये का 6LT620790, 20- एक नोट पांच सौ रूपये का 3FW407942, 21- एक नोट पांच सौ रूपये का 7VF833929, 22- एक नोट पांच सौ रूपये का 9RP438257, 23- एक नोट पांच सौ रूपये का 0SD675825, 24 -एक नोट पांच सौ रूपये का 7AV599283, 25- एक नोट पांच सौ रूपये का 7PG392330, 26 -एक नोट पांच सौ रूपये का 5SV507046, 27- एक नोट पांच सौ रूपये का 6TC954147, 28- एक नोट पांच सौ रूपये का 5FR149168,29 - एक नोट पांच सौ रूपये का 2AK555574, 30 - एक नोट पांच सौ रूपये का 3WL786010,31 -एक नोट पांच सौ रूपये का 8HH993934,32- एक नोट पांच सौ रूपये का 6BW586080,33 -एक नोट पांच सौ रूपये का 1AE672647,34- एक नोट पांच सौ रूपये का 4VT729506, 35 - एक नोट पांच सौ रूपये का 1RK163192,36 -एक नोट पांच सौ रूपये का 1RK057750,37 -एक नोट पांच सौ रूपये का 8DT103712,38- एक नोट पांच सौ रूपये का 0BR078296,39- एक नोट पांच सौ रूपये का 0SV811690,40 -एक नोट पांच सौ रूपये का 4SW457444,41 -एक नोट पांच सौ रूपये का 8UB892407,42 -एक नोट पांच सौ रूपये का 5NF701185,43 -एक नोट पांच सौ रूपये का 7LR210035, 44 -एक नोट पांच सौ रूपये का 7LR210033,45 -एक नोट पांच सौ रूपये का 6ME270173,46 -एक नोट पांच सौ रूपये का 0AP839555,47 -एक नोट पांच सौ रूपये का 8WA114003,48 -एक नोट पांच सौ रूपये का 1FV503433,49 -एक नोट पांच सौ रूपये का 0DS251525,50 -एक नोट पांच सौ रूपये का 5PP739806,51- एक नोट पांच सौ रूपये का 6PB483732,52 -एक नोट पांच सौ रूपये का 7CW236599,53 -एक नोट पांच सौ रूपये का 6BM315188,54 -एक नोट पांच सौ रूपये का 3KQ450302,55 -एक नोट पांच सौ रूपये का 9DF724116,56 -एक नोट पांच सौ रूपये का 4ND387652,57- एक नोट पांच सौ रूपये का 0TN362380,58 -एक नोट पांच सौ रूपये का 5LU127188,59 -एक नोट पांच सौ रूपये का 3GE986040,60 -एक नोट पांच सौ रूपये का 1SN678588,61- एक नोट पांच सौ रूपये का 8MP476480,62- एक नोट पांच सौ रूपये का 9LN394133,63 -एक नोट पांच सौ रूपये का 9LN394131,64 -एक नोट पांच सौ रूपये का 7LR210036,65 -एक नोट पांच सौ रूपये का 4LK264255,66- एक नोट पांच सौ रूपये का 4UD947748,67 -एक नोट पांच सौ रूपये का 0FB506276,68 -एक नोट पांच सौ रूपये का 8AB019377,69 -एक नोट पांच सौ रूपये का 2NH084156,70- एक नोट पांच सौ रूपये का 3PD374227,71 -एक नोट पांच सौ रूपये का 3KP774204,72 -एक नोट पांच सौ रूपये का 1WM506563,73 -एक नोट पांच सौ रूपये का 2HC049284,74 -एक नोट पांच सौ रूपये का 7LR210034,75 -एक नोट पांच सौ रूपये का 7LR210032,76- एक नोट पांच सौ रूपये का 6AF905404,77 -एक नोट पांच सौ रूपये का 9AA197263,78 -एक नोट पांच सौ रूपये का 3NR259631,79 -एक नोट पांच सौ रूपये का 2MS038662,80 -एक नोट पांच सौ रूपये का 9UL680485,81- एक नोट पांच सौ रूपये का 2AH918396,82 - एक नोट पांच सौ रूपये का

6EV738426,83- एक नोट पांच सौ रूपये का 3LS935306,84 - एक नोट पांच सौ रूपये का 3LS935316,85- एक नोट पांच सौ रूपये का 3LS935314,86 -एक नोट पांच सौ रूपये का 6DH428211,87- एक नोट पांच सौ रूपये का 8QA175133,88- एक नोट पांच सौ रूपये का 8UR393591,89 -एक नोट पांच सौ रूपये का 7FS075442,90 -एक नोट पांच सौ रूपये का 2WV286774,91- एक नोट पांच सौ रूपये का 8ES706434,92 -एक नोट पांच सौ रूपये का 0SH951335,93- एक नोट पांच सौ रूपये का 5WC594888,94- एक नोट पांच सौ रूपये का 2GP795740,95 -एक नोट पांच सौ रूपये का 6VG804045,96- एक नोट पांच सौ रूपये का 4DL125760,97 -एक नोट पांच सौ रूपये का 3LS935305, 98- एक नोट पांच सौ रूपये का 3LS935304, 99- एक नोट पांच सौ रूपये का 7GA853292, 100 - एक नोट पांच सौ रूपये का 7LR210031, 101-एक नोट पांच सौ रूपये का 6GV013039, 102-एक नोट पांच सौ रूपये का 3BG275775, 103-एक नोट पांच सौ रूपये का 7BD084342, 104- एक नोट पांच सौ रूपये का 6WV424422, 105- एक नोट पांच सौ रूपये का 2WN969213, 106-एक नोट पांच सौ रूपये का 6QD613357, 107 -एक नोट पांच सौ रूपये का 0DE096483, 108-एक नोट पांच सौ रूपये का 4FC185980, 109 -एक नोट पांच सौ रूपये का 6GA545705, 110-एक नोट पांच सौ रूपये का 7NW397147, 111- एक नोट पांच सौ रूपये का 6RM367033, 112 -एक नोट पांच सौ रूपये का 9CM791519, 113- एक नोट पांच सौ रूपये का 9AH843649, 114-एक नोट पांच सौ रूपये का 3BN335139, 115- एक नोट पांच सौ रूपये का 2FU592846, 116-एक नोट पांच सौ रूपये का 5HQ309982,117-एक नोट पांच सौ रूपये का 1ES283453,118-एक नोट पांच सौ रूपये का 9PH951061,119-एक नोट पांच सौ रूपये का 7UR938163,120-एक नोट पांच सौ रूपये का 7SQ975316, 121-एक नोट पांच सौ रूपये का 8DQ703053, 122- एक नोट पांच सौ रूपये का 0HS573781, 123-एक नोट पांच सौ रूपये का 3HP978937, 124- एक नोट पांच सौ रूपये का 6DE682254, 125 -एक नोट पांच सौ रूपये का 0ED497511,126-एक नोट पांच सौ रूपये का 5QS301321,127 -एक नोट पांच सौ रूपये का 4MQ875634,128 -एक नोट पांच सौ रूपये का 8SA935155, 129 -एक नोट पांच सौ रूपये का 4BD898915, 130 -एक नोट पांच सौ रूपये का 5GM207083,131-एक नोट पांच सौ रूपये का 9EV872076, 132-एक नोट पांच सौ रूपये का 3EM382649,133-एक नोट पांच सौ रूपये का 1KL404624, 134-एक नोट पांच सौ रूपये का 4HU222570,135-एक नोट पांच सौ रूपये का 5CP733006,136- एक नोट पांच सौ रूपये का 7BU547254,137-एक नोट पांच सौ रूपये का 9RE346358,138-एक नोट पांच सौ रूपये का 8AN560963, 139-एक नोट पांच सौ रूपये का 1QW521195,140-एक नोट पांच सौ रूपये का 7KK141000, 141-एक नोट पांच सौ रूपये का 6HS096890,142- एक नोट पांच सौ रूपये का 8BN029519, 143 -एक नोट पांच सौ रूपये का 2PL530576, 144-एक नोट पांच सौ रूपये का 5PL041181,145-एक नोट पांच सौ रूपये का 0AG387013,146-एक नोट पांच सौ रूपये का 8WM968189, 147 -एक नोट पांच सौ रूपये का 3RL457779, 148- एक नोट पांच सौ रूपये का 0AU354249, 149 -एक नोट पांच सौ रूपये का 0BV341819, 150-एक नोट पांच सौ रूपये का 5PL098549,151-एक नोट पांच सौ रूपये का 2LP150932, 152-एक नोट पांच सौ रूपये का 1GH002898,153- एक नोट पांच सौ रूपये का 7SL577695,154-एक नोट पांच सौ रूपये का 6HH793938,155- एक नोट पांच सौ रूपये का 6HU313696, 156-एक नोट पांच सौ रूपये का 2NP606192,157-एक नोट पांच सौ रूपये का 4VP378136, 158-एक नोट पांच सौ रूपये का 3RK170548, 159 -एक नोट पांच सौ रूपये का 3VD027839, 160-एक नोट पांच सौ रूपये का 3UA550261, 161 -एक नोट पांच सौ रूपये का 2HF096038, 162-एक नोट पांच सौ रूपये का 1NR941939,163- एक नोट पांच सौ रूपये का 6AG853370, 164- एक नोट पांच सौ रूपये का 1FL506890,165 -एक नोट पांच सौ रूपये का 8SQ765219, 166-एक नोट पांच सौ रूपये का 1PR972277,167 - एक नोट पांच सौ रूपये का 6UG938040, 168 -एक नोट पांच सौ रूपये का 7EP118786,169-एक नोट पांच सौ रूपये का 6QW508005, 170- एक नोट पांच सौ रूपये का 4SE131296,171-एक नोट पांच सौ रूपये का 9AE050999, 172-एक नोट पांच सौ रूपये का 5WS384972,173- एक नोट पांच सौ रूपये का 4AG178317, 174-एक नोट पांच सौ रूपये का 1KF623230, 175- एक नोट पांच सौ रूपये का 7NM727267,176-एक नोट पांच सौ रूपये का 3BD875799, 177 -एक नोट पांच सौ रूपये का 4LL958232,178-एक नोट पांच सौ रूपये का 5WG872007, 179- एक नोट पांच सौ रूपये का 5DQ692242,180 एक नोट पांच सौ रूपये का 9KE799826,181- एक नोट पांच सौ रूपये का 7TW314967,182- एक नोट पांच सौ रूपये का 1ED540473,183-एक नोट पांच सौ रूपये का 6CK951698, 184-एक नोट पांच सौ रूपये का 6CK951699,185 -एक नोट पांच सौ रूपये का 4CK349825, 186-एक नोट पांच सौ रूपये का 7FL306459,187-एक नोट पांच सौ रूपये का 5LM664604, 188-एक नोट पांच सौ रूपये का 3FG180925,189-एक नोट पांच सौ रूपये का 8BD466593,190-एक नोट पांच सौ रूपये का 7CT382420,191-एक नोट पांच सौ रूपये का 1KS965651,192-एक नोट पांच सौ रूपये का 9VT767557, 193-एक नोट पांच सौ रूपये का 2GM998854,194-एक नोट पांच सौ रूपये का 3VB633841, 195-एक नोट पांच सौ रूपये का 7SM308216,196- एक नोट पांच सौ रूपये का 0BW494966,197-एक नोट पांच सौ रूपये का 3QC996643,198-एक नोट पांच सौ रूपये

का 8GU066524, 199-एक नोट पांच सौ रूपये का 6RF905123, 200-एक नोट पांच सौ रूपये का 4NU157836, उपरोक्त नोटों के फिनोफथलीन पाउडर लगाये जाने हेतु कार्यालय हाजा से हमराह आए श्री पूनाराम कानि नंबर 165 को ब्यूरो कार्यालय से रवाना होने से पूर्व फिनोफथलीन पाउडर का डिब्बा सुपूर्द किया था जो कानि पूनाराम नंबर 165 से उसके पास से निकलवाकर उपरोक्त सभी नोटों को पूराने अखबार पर रखवाये जाकर श्रीपूनाराम कानि से उपरोक्त सभी नोटों पर हल्का हल्का फिनोफथलीन पाउडर लगवाया गया तत्पश्चात परिवादी श्री अजयपाल सिह की जामा तलाशी गवाह श्री अजय से लिवाई जाकर परिवादी के पास कोई आपतिजनक राशि वस्तु एवं दस्तावेजात इत्यादी नही रहने दिया गया तथा परिवादी के पास केवल परिवादी का मोबाईल रहने दिया गया। तत्पश्चात फिनोफथलीन पाउडर युक्त रिश्वत राशि एक लाख रूपये परिवादी श्री अजयपाल सिह के पहनी हुई शर्ट की उपर की बांयी जेब मे श्री पूनाराम कानि से ही रखवाये गये तथा परिवादी को समझाईस की गई कि रिश्वत राशि को हाथ नही लगावे तथा श्री भगाराम एएसआई के मांगने पर ही अपनी जेब से निकालकर उसे देवे, राशि देने से पूर्व व पश्चात श्री भगाराम एएसआई से हाथ नही मिलावे अभिवादन की आवश्यकता होने पर दूर से ही हाथ जोडकर नमस्कार/अभिवादन करे। साथ ही परिवादी को यह भी निर्देशित किया गया कि आरोपी श्री भगाराम एएसआई द्वारा रिश्वत राशि प्राप्त करने के बाद वह रिश्वत राशि को कहा रखता है अथवा छुपाता है इस बात का विशेष ध्यान रखे। रिश्वत राशि आरोपी श्री भगाराम द्वारा प्राप्त करने के पश्चात मन खींव सिह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक या ट्रेप पार्टी के सदस्यों को देखते हुए अपने सिर पर दो तीन बार हाथ फेर कर या मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मोबाईल नंबर                    या श्री भवानी सिह हैड कानि के मोबाईल नंबर                    पर काल या मिस काल कर गोपनीय ईशारा करे। तत्पश्चात ट्रेप बाक्स मे से प्लास्टिक का पारदर्शी गिलास मंगवाया जाकर गिलास मे साफ पानी भरवाया गया तथा उसमे एक चम्मच सोडियम कार्बोनेट पाउडर डालकर घौल तैयार करवाया जाकर गवाह व परिवादी को दिखाया गया तो सभी हाजरिन ने रंगहीन होना स्वीकार किया। तत्पश्चात उक्त रंगहीन घोल मे रिश्वत राशि के नोटों पर फिनोफथलीन पाउडर लगाने वाले श्री पूनाराम कानि0 के हाथों की अंगुलियों व अंगुठें को घोल मे डुबोकर धुलवाया गया तो घोल का रंग परिवर्तित होकर गहरा गुलाबी हो गया जिसे हाजरिन ने भी गहरा गुलाबी होना स्वीकार किया तत्पश्चात सभी हाजरिन को समझाईस की गई कि आरोपी द्वारा रिश्वत राशि के नोटों के हाथ लगाने और सोडियम कार्बोनेट के घोल मे हाथ धुलवाने पर घौल का रंग गुलाबी हो जायेगा। फिनोफथलीन पाउडर व सोडियम कार्बोनेट की क्रिया प्रतिक्रिया के बारे मे सभी को भली भांति समझाया गया तत्पश्चात गिलास के गुलाबी घोल को बाहर फिकवाया जाकर प्लास्टिक के पारदर्शी गिलास को जलाकर नष्ट करवाया गया तथा जिस अखबार पर नोटों के फिनोफथलीन पाउडर लगाया गया था उस अखबार को भी जलाकर नष्ट करवाया गया तथा फिनोफथलीन पाउडर का डिब्बा श्री पूनाराम कानि0 के पास ही रहने दिया जाकर श्री पूनाराम कानि को आगे की कार्यवाही से अलग रखा गया तथा फिनोफथलीन पाउडर के डिब्बे सहित ब्यूरो चौकी पाली द्वितीय के लिए रवाना किया गया। तत्पश्चात समस्त् ट्रेप पार्टी के सदस्यों, गवाहान के हाथों व ट्रेप कार्यवाही हेतु उपयोग मे ली जाने वाली समस्त सामग्री आदि को भी साथ पानी व साबुन से दो दो बार धुलवाया जाकर पुन ट्रेप बाक्स मे रखवाया गया। तत्पश्चात परिवादी के अलावा समस्त ट्रेप पार्टी के सदस्यों की आपस मे जामा तलाशी लिवाई जाकर किसी के पास कोई आपतिजनक वस्तु , दस्तावेज, एवं राशि आदि नही रहने दी गई तथा मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, ब्यूरो दल के सदस्य एवं गवाहान का अपना अपना मोबाईल स्वयं के पास रहने दिया गया। गवाहान को हिदायत दी गई कि जहां तक संभव हो परिवादी व आरोपी के बीच होने वाले रिश्वत राशि लेन देन को देखने व सुनने का प्रयास करे। इस कार्यवाही की फर्द पेश्कशी रिश्वत राशि सुपुर्दगी एवं दृ्ष्टांत फिनोफथलीन पाउडर व सोडियम कार्बोनेट पाउडर प्रथक से तैयार कर फर्द मे विस्त्रत विवरण अंकित कर फर्द पर संबंधितगण के हस्ताक्षर करवाकर फर्द शामिल कार्यवाही की गई। तत्पश्चात समय- 08-15 एएम पर परिवादी श्री अजयपाल सिह को रिश्वत राशि लेन देन हेतु पुलिस चौकी पीपलिया कला की तरफ स्वंय की स्कूटी से रवाना कर हिदायत दी गई कि पुलिस चौकी पीपलिया कला से सौ दो सौ मीटर पहले रूके। तत्पश्चात मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, हमराह ट्रेप दल के सदस्यों एवं वाहनो सहित गोपनीय स्थान से परिवादी के पीछे पीछे पुलिस चौकी पीपलिया के लिए रवाना हुआ। तत्पश्चात पुलिस चौकी पीपलिया कला से करीब सौ दो सौ मीटर पूर्व ही परिवादी हाईवे पर रूका जहां पर मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भी हमराहयान ट्रेप दल के सदस्यों मय वाहनों के रूका वाहनों को साईड मे खडा करवाया तथा कार्यालय हाजा का डिजिटल वायस रिकार्डर मे नया मैमोरी कार्ड डालकर रिकार्डर चालू कर रिश्वत राशि लेन देन के वक्त की वार्ता रिकार्ड करने हेतु श्री भवानी सिह हैड कानि से परिवादी को सुपुर्द करवाया जाकर परिवादी को रिश्वत राशि लेन देन के लिए पुलिस चौकी पीपलिया की तरफ रवाना किया गया तथा मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निजी वाहन को कानि कुलदीप सिह् को सुपुर्द कर पुलिस चौकी से आगे पीपलिया कस्बा की तरफ गोपनीय स्थान पर आगामी आदेश के इंतजार मे मुकीम रहने के लिए रवाना किया गया तथा श्री भवानी सिंह हैड कानि व स्वतंत्र गवाह श्री अमराराम को पुलिस चौकी के सामने वाली रोड पर डिवाइडर के पार रोड के दूसरी तरफ गोपनीय इशारे के इन्तजार मे मुकिम रहने के लिये रवाना किया गया तथा हमाराह दूसरे निजि वाहन मे श्री प्रमोदसिंह कानि,श्री सतपाल कानि को आगामी आदेश के इन्तजार मे पुलिस चौकी पीपलिया से बर की तरफ जाने वाली रोड पर चौकी से करीब 300 फिट दूर मुकिम रहने रवाना किया तथा मन अतिरिक्त् पुलिस अधीक्षक व श्री लक्ष्मण दान एएसआई व स्वतंत्र गवाह श्री अजय पुलिस

चौकी के नजदीक पहुच कर गोपनीय इशारे के इन्तजार मे मुकिम रहने के लिये रवाना हुआ। तत्पश्चात समय 09-22 एएम पर परिवादी श्री अजयपाल सिह ने रिश्वत राशि लेन-देन का पूर्व निर्धारित गोपनीय ईशारा श्री भवानी सिह हैड कानि के मोबाईल पर मिस काल कर किया। जिस पर श्री भवानी सिह हैड कानि ने गोपनीय ईशारे के संबंध मे मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को सूचित किया जिस पर मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व श्री लक्ष्मण दान एएसआई गोपनीय ईशारे के इंतजार मे मुकीम शुदा गोपनीय स्थान से पुलिस चौकी पीपलिया की तरफ रवाना हुआ तथा ईशारे के इंतजार मे मुकीम शेष समस्त ट्रेप पार्टी के सदस्यों को भी तुरंत पुलिस चौकी पीपलिया पहुंचने के लिए निर्देशित किया। मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हमरा श्री लक्ष्मण दान एएसआई, श्री भवानी सिह हैड कानि एवं स्वतंत्र गवाह श्री अमराराम अपने अपने मुकीम स्थान से रवाना होकर पुलिस चौकी पीपलिया कला के मुख्य गेट पर पहुंचा जहां परिवादी श्री अजयपाल सिह उपस्थित मिला जिसने ईशारा कर मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को बताया कि श्री भगाराम एएसआई पुलिस चौकी के सामने वाले कमरे मे है। तत्पश्चात मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मय ट्रेप दल के सदस्यों के दौड कर पुलिस चौकी परिसर मे प्रेवश किया तथा परिसर मे बने कक्ष मे पहुंचा तो कक्ष मे कोई व्यक्ति नही मिला जिस पर पुन कक्ष से बाहर आकर श्री भगाराम एएसआई को तलाश किया तो पुलिस चौकी परिसर के पश्चिम दिशा मे मोटरसाईकिल व गाडीयों के बीच मे से एक व्यक्ति दौडता हुआ चौकी परिसर की चार दीवारी को फांद कर पीछे की तरफ भागता हुआ दिखा। इसी दौरान गोपनीय ईशारे के इंतजार मे मुकीम अन्य ब्यूरो स्टाफ श्री सतपाल कानि, श्री प्रमोद सिह कानि व स्वतंत्र गवाह श्री अजय एवं कानि श्री कुलदीप सिह भी वाहनों सहित निर्देशानुसार पुलिस चौकी पीपलिया पहुंचे। जिस पर मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने समस्त ट्रेप पार्टी के सदस्यों को श्री भगाराम एएसआई के भागने के बारे मे बताया जिस पर श्री भवानी सिह हैड कानि व श्री लक्ष्मण दान एएसआई, पुलिस चौकी पीपलिया की दीवार फांदकर श्री भगाराम एएसआई को दस्तयाब करने के लिए पीछा किया। पुलिस चौकी के पीछे खेत होने से श्री भगाराम एएसआई को घेरकर दस्तयाब करने के लिए अन्य ब्यूरो स्टाफ प्रमोद सिह कानि , श्री सतपाल कानि व श्री कुलदीप सिह को भी निर्देशित किया। तत्पश्चात मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने परिवादी श्री अजयपाल सिह को रिश्वत राशि लेन-देन के वक्त की वार्ता को रिकार्ड करने के लिए पूर्व मे दिया गया कार्यालय हाजा का डिजिटल वायस रिकार्डर प्राप्त कर बंद कर अपने कब्जे मे लिया। तत्पश्चात स्वतंत्र गवाह श्री अमराराम को पुलिस चौकी पीपलिया कला के परिसर मे ही निगरानी हेतु रहने की हिदायत कर मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व स्वतंत्र गवाह श्री अजय भी श्री भगाराम एएसआई को दस्तयाब करने हेतु पुलिस चौकी पीपलिया कला के पीछे खेतों की तरफ रवाना होकर पुलिस चौकी से करीब 700 मीटर की दूरी पर खेत मे पहुंचा। उक्त खेत मे सरसों बोई हुई है जिसमे श्री भगाराम एएसआई के छुपने की जानकारी पीछा करने वाले ट्रेप दल के सदस्यों ने दी जिस पर मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व संपूर्ण ट्रेप दल के सदस्य सरसों के खेत मे चारो तरफ से श्री भगाराम की काफी देर तक तलाशी करने पर सरसों के खेत मे श्री भगाराम एएसआई छुपा हुआ मिला जिसको दस्तयाब कर श्री भगाराम एएसआई के दोनो हाथों को कलाई के उपर से ब्यूरो स्टाफ श्री सतपाल कानि व स्वतंत्र गवाह श्री अजय से पकडवाकर सरसों की फसल से बाहर खुले मे लाया गया। इसी दौरान परिवादी श्री अजयपाल सिह भी खेत मे मौके पर आ गया। तत्पश्चात दस्तयाब शुदा श्री भगाराम एएसआई को मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने अपना व हमराहयान ब्यूरो स्टाफ व स्वतंत्र गवाह का परिचय देकर आने के मंतव्य से अवगत करवाया तत्पश्चात श्री भगाराम एएसआई को परिचय पूछने पर अपना नाम भागाराम पुत्र श्री मांगीलाल जाति जाट उम्र 47 साल निवासी गांव बीरावास पुलिस थाना बिलाडा, तहसील बिलाडा जिला जोधपुर हाल सहायक उप निरीक्षक पुलिस, चौकी प्रभारी पुलिस चौकी पीपलिया कला जिला ब्यावर राज होना बताया। श्री भागाराम को लंगडाते हुए चलने के बारे मे पुछा तो बताया कि आपको पुलिस चौकी पीपलिया के नजदीक आते देख मे पुलिस चौकी पीपलिया कला से भागने के लिए पुलिस चौकी की चारदीवारी से कूदा था जिसके कारण मेरा बांय पांव मुड गया था तथा उसके बाद मै खेतों मे उजड भागा इस वजह से पैर मे दर्द है उसके कारण मै लंगडाकर चल रहा हुं। तत्पश्चात आरोपी श्री भागाराम एएसआई को परिवादी श्री अजयपाल सिह को जानने के बारे मे पुछा तो श्री भागाराम एएसआई ने बताया कि मै इन्हे जानता हूं यह अजय है इसके पिताजी के खिलाफ धोखाधडी का मुकदमा चल रहा है जिसकी तफतीश मै कर रहा हूं। तत्पश्चात दस्तयाब शुदा आरोपी श्री भागाराम को परिवादी श्री अजयपाल सिह से ली गई रिश्वत राशि के बारे मे पुछने पर बताया कि मैने इनसे कोई रिश्वत राशि नही ली है आज यह पुलिस चौकी पीपलिया कला मे जरूर आया था और मेरे से मिला था तथा आधा पौन घंटा रूकने के बाद पुलिस चौकी से चला गया उसके बाद आप पुलिस चौकी पीपलिया कला मे आये तो आपको आता देख कर मै पुलिस चौकी पीपलिया कला के पीछे की तरफ खेतों मे भाग गया। जिस पर पास ही खडे परिवादी ने बताया कि मुझे आज सुबह जल्दी इन्होने रिश्वत के एक लाख रूपये लेकर बुलाया था जिस पर मै आज इनके द्वारा मांगी गई रिश्वत राशि एक लाख रूपये देने के लिए पुलिस चौकी पीपलिया कला मे आया था तब इन्होने मेरे से पूर्व मे तयशुदा रिश्वत राशि के एक लाख रूपये जो पच्चास-पच्चास हजार की दो गडडीया पुलिस चौकी पीपलिया कला के कमरे मे मेरे से लेकर अपने हाथ मे रखे उसके बाद मै पुलिस चौकी पीपलिया कला से बाहर आ गया और पूर्व मे तयशुदा गोपनीय ईशारा किया जिस पर आप और आपकी टीम पुलिस चौकी पीपलिया कला मे आई तब आपको आता हुआ देखकर श्री भागराम एएसआई चौकी चारदीवारी फांद कर पीछे खेत मे कूद गये। तत्पश्चात आरोपी श्री भागाराम एएसआई को पुन तसल्ली देकर रिश्वत राशि कहां रखी है इसके बारे मे पुछा तो श्री

